NATIONAL PUBLIC SCHOOL

Kengeri, Bangalore.

दिनांक ११–०९–२०१८ को हमारे स्कूल प्रागंण में हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें कक्षा १–५ के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती वंदना के साथ दीपों को प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों ने विभिन्न अंशों के द्वारा राज भाषा हिंदी के उदभव और विकास की संक्षिप्त जानकारी दी। दर्शकों को इसके विभाजित चार कालों से परिचित करवाया गया। भक्तिकालिन कवि कबीर और रहीम के परिचय सहित उनके दोहे प्रस्तुत किये गये। बच्चों द्वारा वाचित कविता "कोशिश करने वालो की" जिसे कवि सोहन लाल द्विवेदी ने कलमबद्ध किया है, ने दर्शकों का मनमोह लिया। फैंसी ड्रेस के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न आधुनिक कवियों, लेखकों का संक्षेप में परिचय दिया। महान उपन्यासकार "प्रेमचंद" द्वारा लिखित नाटक पंच–परमेश्वर को मंचित किया गया। बच्चों ने नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे सभागार को आनंदमय कर दिया। हमारे प्रधानाचार्या महोदया ने अपने भाषण में हिंदी भाषा के महत्व को बताया साथ ही साथ बच्चों को प्रोत्साहित और उत्साहित कर कार्यक्रम की सफलता पर उन्हें धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस तरह बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन को मंच में प्रदर्शित किया।